कार्यालय–प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-Mail ID: nodalofficerddn@gmail.com,Phone/Fax: 0135 2767611

पत्रांक– 1032 /12–1 देहरादूनः दिनांकः 23 सितम्बर, 2024

सेवा में,

वन संरक्षक,
गढ़वाल वृत, पौड़ी।

विषयः–जनपद–चमोली के विकासखण्ड नारायणबगड में फारकोट से डडुवागाड तक मोटर मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 2.610 हे० वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में। (ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UK/ROAD/144755/2021)

सन्दर्भ :–आपकी पत्र संख्या 325/12–1 दिनांक 14.08.2024

महोदय,

उपरोक्त विषयक के क्रम में अवगतनीय है कि विषयांकित प्रकरण का वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव वन (संरक्षण एवं संर्वधन अधिनियम 1980 के तहत स्वीकृति हेतु इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है। प्रस्ताव के गहन अवलोकन करने के पश्चात् निम्न प्रकार अपूर्णता दृष्टिगत हो रही है, जिसका निराकरण किया जाना तत्काल आवश्यक है। प्रस्ताव में निम्नानुसार सूचना संलग्न की जानी है :–

क0सं0	प्रपत्र	प्रपत्र संलग्न हां/नहीं
1.	सक्षम अधिकारी/ऑन–लाईन प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु नामित अधिकारी/कर्मचारी का प्रमाण–पत्र	हां
2	भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र भाग–1	हां
3	भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र भाग–2	हां
4	परियोजना की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति।	हां
5	सम्बन्धित विभागों द्वारा फील्ड में सम्पन्न संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट।	हां
6	भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर प्रभागीय वनाधिकारी की स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट। (Site Inspection Report)	पुराने प्रारूप में संलग्न की गयी है, नये प्रारूप में संलग्न की जानी अपेक्षित है।
7	1:50,000 पैमाने का टोपोशीट का मानचित्र जिसमें प्रस्तावित भूमि को अगल–अलग रंगों से दर्शाया गया हो।	हां
8	डिजिटल मैप व सी0डी0 में प्रस्तावित क्षेत्र को जी0पी0एस0 रिडिंग के साथ दर्शाया गया।	हां
9	गूगल मानचित्र जिसमें प्रस्तावित कार्य का पूर्ण विवरण दर्शाया गया हो।	हां
10	प्रस्तावित कार्य हेतु वन भूमि के मांग का पूर्ण औचित्य को दर्शाते हुए एक विस्तृत आख्या।	हां
11	गूगल मानचित्र जिसमें प्रस्तावित कार्य का पूर्ण विवरण अंकित हो तथा वैकल्पिक समरेखण एवं प्रस्तावित भूमि को पूर्ण रूप से दर्शाया गया हो।	हां
12	वैकल्पिक संरेखण तलाशे जाने एवं उन्हें निरस्त किये जाने का कारण का तुलनात्मक विवरण।	नहीं
13	वैकल्पिक भूमि उपलब्ध न होने तथा वन भूमि की मॉग न्यूनतम होने का प्रमाण–पत्र।	हां
14	प्रभावित भूमि का लैण्ड शैड्यूल।	हां
15	परियोजना की लम्बाई एवं चौड़ाई।	हां
16	बार चार्ट।	हां
17	कार्य आरम्भ न किये जाने का प्रमाण–पत्र।	हां